

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर शनिवार को संजौली कॉलेज की एनएसएस यूनिट ने स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान कनलोग में स्वयंसेवियों ने कचरा इकट्ठा किया और लोगों को यहां वहां कूड़ा न फेंकने का आह्वान किया। अमर उजाला

एस.एच.ओ. राज कुमार, आर.पी.एफ. के एस.आई. सुनील यादव के अलावा समस्त रेलवे स्टेशन शिमला में कार्यरत विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों तथा रेलवे कर्मचारियों ने भाग लिया। स्टेशन अधीक्षक जोगिंद्र सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए श्री सत्या साई सेवा संगठन, शिमला हिमाचल प्रदेश के पदाधिकारियों व सेवादल ने भी इस स्वच्छता अभियान में योगदान दिया।

संजौली महाविद्यालय की एन.एस.एस. इकाई ने शनिवार को शिमला के विभिन्न स्थानों पर जाकर प्लास्टिक के कचरे को इकट्ठा किया। शुक्रवार को प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जोकि 1 से 31 अक्तूबर तक चलेगी। यह प्रतियोगिता जिला स्तर पर आयोजित की गई है। इसमें सभी जिलों की एन.एस.एस. इकाइयों ने भाग लिया है। इस प्रतियोगिता में सभी इकाइयों को पूरा महीना भर प्लास्टिक के कचरे को इकट्ठा करना होगा और अंतिम दिन 31 अक्तूबर को यह प्लास्टिक इकट्ठा किया जाएगा और जिस इकाई द्वारा सबसे अधिक प्लास्टिक इकट्ठा किया गया होगा उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा।

संजौली महाविद्यालय की एन.एस.एस. इकाई ने एक प्रतियोगिता महाविद्यालय के स्तर पर भी आयोजित करवाई है, जिसमें सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवियों को महीने के अंतिम दिन पुरस्कारों से पुरस्कृत किया जाएगा। इसी प्रतियोगिता के चलते शनिवार को संजौली महाविद्यालय के स्वयंसेवी शिमला के विकासनगर, खलीनी, आई.एस.बी.टी. व संजौली आदि स्थानों पर जाकर प्लास्टिक का कचरा इकट्ठा किया।

नेहरू युवा केंद्र शिमला के सौजन्य